# कृषि बिल के विरोध में दूसरे दिन भी 200 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित

## दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे राज्य के विभिन्न जिलों के डेढ़ लाख व्यापारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि उपज और विपणन विधेयक (झारखंड कृषि बिल) के विरोध में दो दिनों से राज्य का खाद्यान्न बाजार बंद है। इस दौरान राज्य की सभी 28 मंडियों में आवक और बिक्री बंद कर दी गयी है। इसके साथ ही फल, सब्जी की मंडियां भी बंद हैं। विरोध की अगुवाई चैंबर ऑफ कॉमर्स कर रहा है। चैंबर ऑफ कॉमर्स की मानें तो इस बंदी से सरकार को रोजाना करीब 200 से 250 करोड़ के राजस्व का कारोबार प्रभाबित हो रहा है। महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने बताया कि राज्य भर में कारोबार बंद है। राइस फ्लोर मिल्स और फल सब्जी भी बंद कर दिया गया है। राज्य में और दो दिनों के अंदर खाद्यान्न संकट भी गंभीर हो जायेगा। इधर, सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है।

### ऑर्डर भी किया गया बंद

इस आंदोलन के तहत व्यापारियों ने खाद्यान्न के लिये ऑर्डर देना भी बंद कर दिया है। चावल छोड़कर किसी भी खाद्यान्न में राज्य की पूर्ण निर्भरता नहीं है। ऐसे में प्रमुख खाद्यान्न अन्य राज्यों से मंगाये जाते हैं. प्रतिदिन अनाज की खपत के अनुसार ही व्यापारी अनाज के लिये ऑर्डर भी करते हैं। प्रतिदिन अनाज खपत में चावल 3500 टन, गेंहू 2500 टन, आलू 1500 टन, प्याज 800 से 1000 टन, दालें 700 से 800 टन, खाद्य तेल की खपत है। इसी अनुपात में व्यापारी प्रतिदिन अनाज के लिये ऑर्डर देते हैं, जो फिलहाल बंद है। व्यापरियों की मानें तो अगर सरकार समय रहते निर्णय नहीं लेती है तो स्थिति गंभीर होगी। बताया जा रहा है कि राज्य में अधिकतम सप्ताह भर का स्टॉक उपलब्ध है।

### डेढ़ लाख व्यापारी हड़ताल पर

हड़ताल में राज्य भर के डेढ़ लाख व्यापारियों का समर्थन है। इन व्यापारियों ने अपनी दुकानें भी बंद कर दी। सिर्फ, थोक खाद्यान्न व्यापारियों के आंकड़े की मानें तो अलग अलग मंडियों को मिलाकर इनकी संख्या लगभग 70 हजार है। वहीं, इस आंदोलन को फल सब्जी, राइस फ्लोर मिलरों ने भी समर्थन दिया है। समर्थन देने वालों में आलू प्याज विक्रेता संघ, हरमू बाजार समिति, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी का समर्थन है। वहीं, रिटेलर खाद्यान्न दुकानों ने समर्थन दिया है। लेकिन इन दुकानों में राशन के साथ अन्य सेवाएं उपलब्ध होने के साथ अन्य सेवाएं मिलने के कारण इन्हें बंद नहीं किया जा सकता।

# 2023 तक सरना धर्म कोड को लागू करायें पीएम मोदी: सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजातीय समुदाय के प्रति प्रेम और और आदि महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत को लेकर झामुमो ने सवाल खड़ा किया है। झामुमो ने कहा है कि नई दिल्ली में चल रहे आदि महोत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जनजातीय समाज की जल-जंगल-जमीन, इनकी संस्कृति और खान-पान की सराहना की। सवाल उठता है कि जनजातीय समाज के प्रति प्रधानमंत्री का प्रेम आखिर क्यों जागा? अगर पीएम और उनकी पार्टी (भाजपा) का जनजातीय समाज के प्रति प्रेम है, तो बजट सत्र-2023 में प्रधानमंत्री सरना धर्म कोड पास करने की पहल क्यों नहीं करते। साथ ही वे सदन से यह भी कड़ा संदेश दें कि वन संरक्षण नियमावली, 2022 की जगह केंद्र सरकार वन अधिकार अधिनियम- 2006 को मजबूत के साथ लागू करेगी।

दूसरा यह कि वन संरक्षण नियमावली- 2022 के तहत लाए गए बदलावों में वन अधिकार अधिनियम-2006 का उल्लंघन किया गया। झामुमो नेता ने कहा कि आदि महोत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने इन दोनों बातों का भी जिक्र नहीं किया।



### 16 साल सत्ता में रही भाजपा पर कभी भी जनजातीय महोत्सव नहीं

पार्टी के हरमू स्थित कैम्प कार्यालय में गुरूवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 22 साल पूरे हो चुके हैं। इन 22 सालों में 16 साल भाजपा की सत्ता रही, लेकिन कभी भी जनजातीय महोत्सव नहीं मनाया गया। आदिवासी-मूलवासी की हेमंत सरकार ने साल-2022 में झारखंड जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया।

### सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोले पीएम मोदी

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आदि महोत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय समाज को प्रकृति पूजक बताते हैं। लेकिन इन प्रकृति पूजक की लंबी समय से चली आ रही सरना धर्म कोड मांग पर कुछ नहीं बोले। बीते 1 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर केंद्र के वन संरक्षण नियम 2022 पर अपनी आपत्तियां जतायी थी। हेमंत सोरेन ने दो बातों का जिक्र किया था। पहला यह था कि इसमें स्थानीय ग्राम सभा की शक्तियों और वनों में रहने वाले जनजातीय समुदायों के अधिकारों को कम किया गया।

# स्लोगन से राजधानी में शुरू हुई ट्रैफिक सुरक्षा से बचाव.....

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सड़क दुर्घटना रोकने लिए रांची पुलिस ने ऑनलाइन अभियान शुरू किया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर ये अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत रोड सेफ्टी, ट्रैफिक नियमों के साथ कानून तोड़ने पर सजा की बिंदु और उनके प्रावधानों की भी जानकारी दी जा रही है। रांची पुलिस की ओर से सोशल प्लेफॉर्म पर तमाम जानकारियां और स्लोगन प्रसारित की जा रही है। रांची पुलिस की ओर से जारी किए गए स्लोगन में कहा गया है की अगर संभल कर वाहन चलाओगे, तभी तो अपनी मंजिल पर सुरक्षित पहुंच पाओगे। रांची पुलिस ट्रैफिक नियमों की जानकारी आम लोगों तक ऑनलाइन पहुंचा रही है। ऑनलाइन जानकारी पहुंचाने के लिए ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही पुलिस द्वारा जो बुकलेट तैयार किया गया है, उसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सड़क सुरक्षा को लेकर दी गई हैं। तैयार पंपलेट में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सजा और जुर्माना के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी गयी है।

### 91 फीसदी दुर्घटना की वजह तेज गति है

रांची पुलिस की ओर से जारी पोस्टर में कहा गया है कि झारखंड राज्य सड़क दुर्घटना विश्लेषण रिपोर्ट 2020 के अनुसार, 91 फीसदी सड़क दुर्घटना का कारण है तेज गति से वाहन चलाना है। गति सीमा से बाहर वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 182 के तहत 1000-2000 रुपया दंड भरना पड़ेगा। किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने पर एमबी एक्ट के तहत धारा 185 के तहत दल हजार का जुमार्ना या 6 महीने कारावास की सजा दी जाएगी।

# प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा से राजद में फूटे असंतोष के स्वर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में राजद को मजबूत करने के लिए प्रदेश स्तर पर कवायद शुरू हो चुकी है। प्रदेश राजद का जंबोजेट कार्यसमिति की घोषणा भी हो चुकी है। घोषणा के बाद प्रदेश राजद के अंदर असंतोष का स्वर भी बुलंद होने लगा है। वहीं इससे अनभिज्ञ राजद के प्रमुख चेहरा एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हर महीने के दो दिन झारखंड में प्रवास करने की घोषणा कर चुके है। बीते 11और 12 फरवरी को तेजस्वी यादव ने रांची में रहकर दल को मजबूत करने की रणनीति भी बनाई और मिलन समारोह भी किया, लेकिन इन प्रयासों से संगठन कितना मजबूत होगा यह तो आनेवाले दिनों में पता चलेगा।

**नाराज निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष :** दरअसल 14 फरवरी को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की जम्बोजेट प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा के बाद पार्टी के निवर्तमान वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव नाराज हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के मिलन समारोह में मंच की बात हो या प्रदेश कार्यसमिति की, उसमें उन लोगों को जगह मिली जो सुप्रीमो लालू प्रसाद को अपमानित करने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि उनके नेता लालू प्रसाद, इलाज के बाद दिल्ली लौट आये हैं। जल्द ही उनके जैसे कई नेता दिल्ली जाकर राज्य की हकीकत से सुप्रीमो को अवगत कराएंगे।

**पार्टी में काम करने वालों की जरूरत : संजय सिंह यादव**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने प्रदेश कार्यसमिति के गठन के बाद तेज हुए असंतोष के स्वर और अनिल यादव के इस्तीफे पर कहा कि अनिल यादव को प्रदेश महासचिव नहीं बनाया गया था। गलती से उनका नाम लिस्ट में छप गया था। वहीं लालू प्रसाद के प्रति समर्पित वरिष्ठ नेताओं को कार्यसमिति में जगह नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बड़ी संख्या में सदस्य बनाये, पार्टी के लिए काम किया, उन्हें प्रदेश कार्यसमिति में जगह दी गयी है। उन्होंने कहा है कि पार्टी में काम करने वालों की जरूरत है, बात बनाने वालों की नहीं। बहरहाल, यह तो तय है कि तेजस्वी यादव के रांची में कार्यक्रम और उसके बाद प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा के बाद राजद में खेमेबाजी तेज हो गई और यह मामला राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सामने भी जाएगा। अब देखना होगा कि इस परिस्थिति में तेजस्वी यादव झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल को कितना मजबूती दे पाते हैं।

### अनिल यादव ने दे दिया है इस्तीफा

14 फरवरी को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जम्बोजेट प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा के बाद ही नई कार्यसमिति में महासचिव बनाये गए गिरिडीह के अनिल यादव ने व्यक्तिगत कारणों को वजह बताकर महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। अनिल यादव के इस्तीफा में लिखे शब्द को देखें तो उससे नाराजगी साफ झलकती है।

## खबर एक नजर में

### पेयजल विभाग के अधिसूचना से कर्मचारियों में नाराजगी

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कार्यरत सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को शाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गयी है। नव प्रोन्नत प्रशाखा पदाधिकारियों को रिक्त पड़े प्रशाखाओं को प्रभार प्रदान कर दिया गया है। विभाग ने पास्कल केरकेट्टा, सूर्यदेव तिर्की, मारयानुस हेमरोम,सुधांशु कुमार, रोहित कुमार सिंह, रितेश कुमार आदि शामिल हैं। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ये प्रशाखा पदाधिकारी बनने के बाद भी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का काम देखते रहेंगे। इसे लेकर विभाग के कर्मियों में नाराजगी है। इसे प्रशाखा पदाधिकारियों का मोनीपॉली करार दिया गया है। पेयजल विभाग द्वारा जारी एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, रांची अवर प्रमंडल-2 को बेहतर प्रशासनिक नियंत्रण के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हटिया योजना, रांची में शामिल (मर्ज) कर दिया गया है। अब स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल-2, अवर प्रमंडल संख्या-4 के नाम से जाना जाएगा। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं कि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। एक सहायक अभियंता (एई) के पद को समाप्त करने की यह साजिश है। इसे लेकर भी सहायक अभियंताओं में नाराजगी है।

### डीसी आवास के सामने पारा चिकित्साकर्मियों का प्रदर्शन



**रांची।** मोराबादी स्थित डीसी आवास के बाहर 42,000 सहिया व आशा कार्यकर्ता ने जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने घंटों नारेबाजी की फिर सड़क पर बैठ गई। हंगामे को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिये फायर ब्रिगेड व वाटर कैनिंग गाड़ी को रखा गया था। हंगामा जब बढ़ने लगा तो वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल को बुलाया गया। स्वास्थ्य सहिया और आशा कार्यकर्ता प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने अपनी 6 सूत्री मांगो को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव को ज्ञापन सौंपा। सहिया संघ की अध्यक्ष पंपा मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष किरण पासवान, सचिव माया सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात हुई। उन्होंने जल्द मागों पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया है। लेकिन उसने कहा कि हम वार्ता से असंतुष्ट हैं, जब तक सभी सहिया वार्ता से संतुष्ट नहीं होंगे तब तक हम वापस नहीं जाएंगे। हालांकि बाद में उन्होंने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। पारा चिकित्साकर्मियों की मांगें : राज्य सरकार 18 हजार रुपये प्रतिमाह दे, सहियाओं को राज्य कर्मी का दर्जा मिले, 24 हजार मानदेय मिले, ईपीएफ और पेंशन का लाभ मिले और इसके साथ एक ठोस नियमावली विधानसभा से पारित की जाये।

### रांची से गुजरने वाली 3 ट्रेनों का रूट बदला गया

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत मकुड़ी-विरूर रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इस वजह से रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली कई ट्रेनों का रूट बदला गया है। ऐसे में अलग-अलग तिथियों पर ये ट्रेनें बदले रूट से जाएगा।

ट्रेन संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 17/02/2023 एवं यात्रा प्रारंभ 24/02/2023 को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग विकराबाद, परली बैजनाथ, पूर्णा, अकोला, वर्धा, नागपुर होकर चलेगी। मार्ग में परिवर्तन की वजह से इस ट्रेन का काजीपेट, पेद्दपल्ली, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर एवं बल्हारशाह स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 20/02/2023 एवं यात्रा प्रारंभ 22/02/2023 को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागपुर, वर्धा, अकोला, पूर्णा, परली बैजनाथ, विकराबाद होकर चलेगी। मार्ग में परिवर्तन की वजह से इस ट्रेन का बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, पेद्दपल्ली एवं काजीपेट स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

ट्रेन संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22/02/2023 को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मेडचल, निजामाबाद, मुदखेड़, आदिलाबाद, माजरी होकर चलेगी। मार्ग में परिवर्तन की वजह से इस ट्रेन का काजीपेट, पेद्दपल्ली, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर एवं बल्हारशाह स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

# ई- रिक्शा में बैठकर सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करने पहुंचे शिक्षा मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने किया। शिक्षा मंत्री ने गुब्बारा उड़ाकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और सामान्य जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करने मंत्री ई-रिक्शा से पहुंचे थे। बताते चलें कि पहले इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन को करना था, लेकिन वो नहीं पहुंचे। खेल मंत्री हफीजुल हसन भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

**खेल को बेहतर दिशा दिया जा रहा है :** खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के आदेश का पालन करते हुए खेल को बेहतर दिशा दिया जा रहा है। वहीं, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने कहा कि सहाय योजना की परिकल्पना 2021 दिसंबर में ही की गई थी। किसी कारण से आयोजन नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि जो अच्छे खिलाड़ी होंगे, उन्हें सरकार के अंतर्गत चलने वाले आवासीय और सेंटर फॉर एक्सीलेंस केंद्र में भर्ती किया जाएगा।

### प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं 520 प्रतिभागी



बताते चलें कि 16 फरवरी से 18 फरवरी तक सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में उग्रवाद प्रभावित 5 जिलों पश्चिमी सिंहभूम सरायकेला, खरसावां, खूंटी, सिमडेगा और गुमला के 520 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में 260 और महिला वर्ग में 260 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल की प्रतिस्पर्धा आयोजित होगी। विजेता और उपविजेता टीमों के सदस्यों को 10,000 से 5000 तक की इनामी राशि नगद पुरस्कार दिया जायेगा।

### इनामी नक्सली अमन गंझू से एनआइए करेगी पूछताछ

रांची। चार लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू से अब एनआईए पूछताछ करेगी। एनआइए 20 फरवरी को रिमांड पर लेगी, 25 फरवरी तक पूछताछ के पश्चत उसी दिन 11 बजे उसे वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौरतलब हो कि लातेहार जिला स्थित लुकुइया मोड़ में चंदवा थाना की पीसीआर वैन पर नक्सलियों ने हमला किया था, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए थे। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। मामले की जांच के क्रम में एनआईए नक्सली अमन गंझू से पूछताछ करेगी। एनआईए को अमन गंझू की पांच दिन की रिमांड मिली है। नक्सली अमन गंझू ने झारखंड पुलिस के समक्ष बीते 28 दिसंबर 2022 को आत्मसमर्पण किया था। अमन गंझू मूलरूप से बिहार के औरंगाबाद जिला के ढिबरा थानाक्षेत्र अंतर्गत भूपनगर गांव का रहने वाला है। अमन गंझू लंबे समय तक झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर अवस्थित बूढ़ा पहाड़ इलाके में सक्रिय रहा था। मालूम हो कि 22 नवंबर 2019 को एक शाम लातेहार जिला स्थित लुकुइया मोड़ में चंदवा थाने की पीसीआर वैन पर नक्सलियों ने हमला किया था।

# 18 मॉडल विद्यालयों में चाहरदिवारी निर्माण कार्य जल्द करें : राजेश्वरी बी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने निर्देश दिया कि सरकारी विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का कार्य जल्द से जल्द करें। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो इसके लिए एक मानक प्राक्कलन भी तैयार करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही योजनाओं के गुणवत्तपूर्ण क्रियान्वन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मनरेगा मद से लेबर कंपोनेंट की राशि का प्रावधानानुसार उपयोग करें। मनरेगा आयुक्त गुरुवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से अभिसरण की संभावनाओं पर चर्चा के लिए आहूत बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बताते चलें कि सरकार द्वारा राज्य में आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत 4,496 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में केन्द्रीय विद्यालयों के तर्ज पर संचालित 89 मॉडल विद्यालयों में से 18 मॉडल विद्यालयों का चयन चहारदीवारी निर्माण के लिए किया गया है।

राजेश्वरी बी ने बताया कि प्रारंभ में 18 मॉडल विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण मनरेगा के साथ अभिसरण के माध्यम से किया जाएगा। मॉडल विद्यालयों के निर्माण के लिए लेबर कंपोनेंट की राशि दी जाएगी। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य स्थल पर अभिसरण के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं के सापेक्ष मजदूरी एवं सामग्री मद की राशि, मनरेगा मद से लेबर कंपोनेंट के लिए उपलब्ध करायी गई राशि तथा न्यूनतम मजदूरी दर से संबंधित एक बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है।

### मनरेगा आयुक्त ने की स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से अभिसरण की संभावनाओं पर चर्चा

# मत्स्य पालन में सक्सेस स्टोरी लिख रहे हैं चट्टी के पहलवान तिवारी

- प्रधानमंत्री मत्स्य पालन से राज्य में लिखी जा रही स्वरोजगार की कहानी
- आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत राज्य के गांव-गांव में हो रहा मछली पालन

**उदय चौहान**



**रांची।** लोहरदगा जिले के झीको चट्टी निवासी शिक्षित युवक पहलवान तिवारी मत्स्य पालन के क्षेत्र में सक्सेस स्टोरी लिख रहे हैं। अपने पूर्वजों की जमीन पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मछली पालन की शुरूआत की। इस योजना में करीब 12 लाख रूपये की लागत आयी थी। हांलाकि, इस योजना के लिये सरकार की ओर से करीब चार लाख रूपये की अनुदान राशि दी गयी है। बकौल पहलवान तिवारी वह मत्स्य निदेशालय का शुक्रगुजार हैं कि उन्हें रोजगार के लिये नयी योजना सुझाया। इसके लिये प्रशिक्षण, मछली जीरा व अनुदान राशि प्रदान किया। अब, लोहरदगा जिले के भण्डरा प्रखंड के अधिकांश गांव में नवयुवक मत्स्य पालन की ओर उन्मुख हो रहे हैं। वह बताते हैं कि मछली पालन एक लगाओ, दस पाओ की नीति को चरितार्थ करता है। कहने का मतलब है कि कम पूंजी में मछली पालन से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। वह अपने साथ कुछ मछुआरों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा इस प्रकार के मछली पालन के लिये तालाब या जलाशयों की आवश्यकता नहीं होती है। करीब 25 डिस्मिल जमीन में छह प्रकार के बायो फ्लॉक पौंड का निर्माण कर उसमें जीरा डाला जाता है। वह बताते हैं कि बायो फ्लॉक टैंक में करीब एक लाख सिंधी जीरा का स्टॉक किया है। मात्र तीन माह के भीतर सिंधी जीरा से मछली बन जाता है। इसकी बाजार में अच्छी कीमत मिल जाती है। हाई वैल्यू व कट फिश का पालन भी किया जा सकता है। कहते हैं कि मछली पालन युवाओं के लिए रोजगार का एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसके जरिए कई युवा सफलता की कहानी लिख रहे हैं। झारखंड में भी कई युवाओं ने मछली पालन के जरिए सफलता की नई कहानी लिखी है।

लोहरदगा जिले के मछली पालक पहलवान तिवारी भी एक ऐसे ही किसान हैं। जिन्होंने लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले में मछली पालन करने में सफलता हासिल की है। दरअसल लोहरदगा जिले की गिनती झारखंड के पिछड़े जिलों में होती है। ऐसे में यहां पर मछली पालन को रोजगार के तौर पर अपनाना किसी चुनौती से कम नहीं है। दरअसल, मछली पालन उनके परिवार के लिये बिल्कूल नया धंधा था। मुख्यतः उनके परिवार के लोग खेती-बाड़ी पर आश्रित थे। लेकिन, अब पहलवान तिवारी कैश क्रॉप के रूप में मछली पालन से स्मृद्धि की कहानी लिख रहे हैं। इससे आस-पास के युवाओं में सकारात्मक परिवर्त्तन देखने को मिल रहा है।

इधर, मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने बताया कि मछली पालन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य में स्वरोजगार पैदा की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से परंपरागत मछली पालन के अलावा रिवर फिश फार्मिंग, केज कल्चर व खदानों के पानी में मछलीपालन मुख्य है। इसके लिये सरकार की तरफ से आवश्यक प्रशिक्षण के अलावा संसाधन भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। राज्य गठन के वक्त झारखंड में मात्र 48 एमटी मछली का उत्पादन होता था जो अब 260 एमटी तक पहुंच गया है। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इंटरप्रेन्योर मॉडल का विकास किया जा रहा है। इसके लिये मछली पालकों को बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। वह बताते हैं कि झारखंड के बाजारों में अब ताजा मछली बहुतायत में उचित दाम पर मिल जाती है। पहले, झारखंड मछली पालन में आत्मनिर्भर नहीं था। इसके कारण यहां आंध्रा की मछलियों पर निर्भर रहना पड़ता था। आज झारखंड के मत्स्य पालन की विधि को पूरे देश में अपनाया जा रहा है। उन्होंने पहलवान तिवारी जैसे युवाओं को उत्साहवर्द्धन किये जाने पर बल दिया। इसके लिये स्वंय सहायता समूह का भी गठन किया जा रहा है। कई युवा दर्जनों तालाबों में मत्स्य पालन को अपना आजीविया बनाया है। इसके अलावा जिन तालाबों में साल भर पानी रहता है वहां पर वो बड़ी मछलियों का पालन करते हैं। अब तो पलामू जैसे सुखाग्रस्त जिलों में भी युवा वर्ग मत्स्य पालन की ओर कदम बढ़ा रहा हैं। मत्स्य पालन में दर्जनों सक्सेस स्टोरी लिखी जा चुकी है। वह बताते हैं कि मछली पालन के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित कर पलायन को रोका जा सकता है।

### केज कल्चर से मछली पालन कर बदल रही जिंदगी

सरकार की इच्छा शक्ति, जिला प्रशासन तथा विभागों के आपसी तालमेल व सक्रियता से मछली पालन कर लोगों की जिंदगी में गुणात्मक परिवर्तन आ सकता है। इसकी बानगी रांची जिले बालेश्वर गंझू व अन्य विस्थापित परिवारों में देख सकते हैं। मत्स्य विभाग की योजना से जुड़कर विस्थापित परिवार मछली पालन कर रहा है। केज कल्चर के माध्यम से मछली उत्पादन कर अपने परिवार का भरण-पोषण के अलावा कुपोषण मिटा रहे हैं। सरकारी सहायता और फिश को-ऑपरेटिव की सहायता से सैकड़ों परिवारों को केज कल्चर के जरिये मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रांची जिला प्रशासन की ओर से दर्जनों केज कल्चर से मछली पालन किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से लाइफ जैकेट, एक नाव, शेड हाउस, चारा और मछली का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। दरअसल, केज मत्स्य पालन की एक नई तकनीक है। कोल फील्ड माइंस व स्टोन माइंस के जलाशयों में लोगों की सहभागिता से मछली पालन किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। यही वजह है कि भारत के साथ-साथ कई देशों में केज तकनीकी का उपयोग कर लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

# सबसे बड़ा देशभक्त किसान : कृषि मंत्री बादल

खबर मन्त्र संवाददाता


किसान मेले का उद्घाटन करते कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल।

**रांची।** राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में 16 फरवरी से दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बादल कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में एवं राजेश कश्यप विधायक तथा डॉ ओमकार नाथ सिंह कुलपति बिरसा कृषि विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे।

मेले में उपस्थित किसानों, अतिथियों, वैज्ञानिकों एवं संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस समय सरकार किसानों के हित के लिए हर उस कदम उठाने में जरा भी देरी नहीं कर रही है जो उनके लिए लाभकारी है। जिस प्रकार आज हमारे किसान नए तकनीकों एवं प्रौद्योगिकी सीखने के लिए दूसरे प्रदेश एवं देशों की यात्रा करते हैं अगर हम सचमुच में अपने ज्ञान और विज्ञान को समायोजित कर प्रयास करें तो वह दिन दूर नहीं कि दूसरे प्रदेश एवं देशों के किसान हम तक पहुंचेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए वशिष्ठ अतिथि राजेश कश्यप ने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि वर्तमान समय में कृषि में जो हो रहे विभिन्न शोधों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं अन्य गतिविधियों के ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले आम नागरिकों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार करने में क्या योगदान है ताकि हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित हो। विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए डॉ ओमकार नाथ सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से किसानों एवं अन्य भाइयों को अपने कार्यों का मूल्यांकन एवं आत्ममंथन करने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होता है, हमें अपनी ज्ञान को साझा करने एवं समन्वय स्थापित कर कार्य करने में इस प्रकार के मेला एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराते हैं। अपने स्वागत भाषण में डॉ अभिजीत कर ने मुख्य अतिथि एवं वशिष्ठ अतिथियों, किसानों, समाचार माध्यम के प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया तथा संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्हें बताया कि संस्थान में 1998 से ही प्रत्येक वर्ष किसान मेला निरंतर आयोजन किया जाता रहा है। इस अवसर पर लाख की खेती में उल्लेखनीय योगदान के लिए किसानों को सम्मानित किया गया। इस मेले में झारखंड के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल छत्तीसगढ़ से आए लगभग 1000 किसानों ने भाग लिया।

## जी- 20 समिट को लेकर एटीएस का मॉक ड्रिल


आगामी मार्च में रांची में हो रहे जी- 20 समिट की सुरक्षा- व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए झारखंड एटीएस के कमांडों के द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। एटीएस ने होटल रेडिशन ब्लू में बंधक बनाए गए व्यक्तियों को आधुनिक हथियारों से लैस हीट टीम के द्वारा कौशल का प्रदर्शन कर उन्हें रिहा कराया गया। इस अभ्यास में अत्याधुनिक उपकरणों की तैनाती की गई थी।

# सूअर की बांडा नस्लों के लिए बीएयू को आइसीएआर प्रमाणपत्र मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को हाल में पंजीकृत उसकी दो सूकर नस्लों बांडा एवं पूर्णिया के लिए वृहस्पतिवार को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया। किसी भी पशु नस्ल पर अनुसंधान, प्रसार एवं विकास नीति बनाने के लिए उसका पंजीकरण जरूरी है। मालूम हो कि झारखंड में ग्रामीणों के बीच सूकरपालन बहुत लोकप्रिय है। यहां सूकर आबादी आसाम के बाद सर्वाधिक है। पहले झारखंड की अपनी कोई पंजीकृत सूकर नस्ल नहीं थी। आइसीएआर मुख्यालय नयी दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में डॉ बीएन त्रिपाठी, भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त अभिजीत मित्रा, राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरोए करनाल के निदेशक डॉ बीपी मिश्र तथा अलका नगीना अरोडा ने प्रमाणपत्र प्रदान किया। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया। डॉ रविन्द्र कुमार ने बताया कि बांडा नस्ल झारखंड राज्य के मुख्यतः रांची, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, धनबाद, रामगढ, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा एवं गोड्डा आदि जिलों में बहुतायत में मिलती है। बांडा सूकर की छोटे आकार की नस्ल है। सुदूर भ्रमण से जंगलों से भी खाने योग्य पोषण प्राप्त कर लेती है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने इन नस्लों का पंजीकरण प्रमाणपत्र मिलने पर सम्बंधित वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

# अनुभाजन क्षेत्र में 39 और प्रखंड क्षेत्र में 295 जन वितरण दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

चावल दिवस पर आदेश की अवहेलना करने वाले पीडीएस डीलरों पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची द्वारा 15 और 16 फरवरी 2023 को आयोजित किये जाने वाले चावल दिवस पर दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 के आवंटित खाद्यान्न का अनिवार्य रूप से वितरण किये जाने का आदेश दिया गया था। इसे लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र, रांची और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखा गया था।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने 15 और 16 फरवरी को आयोजित किये जानेवाले चावल दिवस को व्यापक और प्रभावी रुप से मनाते के लिए दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 का खाद्यान्न वितरण कार्य अनिवार्य रुप से करने का आदेश दिया था, परन्तु रांची जिला अंतर्गत अनुभाजन क्षेत्र में कुल 39 एवं प्रखण्ड क्षेत्र में कुल 295 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए शून्य प्रतिशत खाद्यान्न वितरण किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने कहा है कि निकट भविष्य में ऐसे सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को चि?त करते हुए दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आपको बतायें कि विभागीय निदेशानुसार उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रत्येक महीने की 15, 16, 25 और 26वीं तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनि?त करने का निर्देश दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### बागवानीविद् डॉ एपी सिंह नहीं रहे, बीएयू में शोक

**रांची।** प्रसिद्ध बागवानीविद् तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, पलामू के अवकाश प्राप्त सह निदेशक डॉ एपी सिंह के निधन पर बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय में कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाल की अध्यक्षता में एक शोक सभा हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनकी वैज्ञानिक दक्षता, प्रशासनिक क्षमता और मानवीय गुणों की चर्चा करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मालूम हो कि वह लगभग 87 वर्ष के थे। डॉ सिंह ने वर्ष 1962 में रांची कृषि महाविद्यालय के उद्यान विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में अपना योगदान दिया था और 1982 में सह निदेशक नियुक्त होकर क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रए चियांकी, पलामू चले गए थे। 1996 में रिटायर हुए थे।

### जीएम ने गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी में जुटने के दिये निर्देश

**रांची।** जेबीवीएनएल के रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने आगामी गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयार में जुटने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी के इंजीनियरों को निर्देश दिया है। उन्होंने ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि गर्मी के दौरान तारों को टुटने, जंफर कटने, ट्रांसफारमर का फ्यूज उड़ने, खराब होने की घटानाएं बढ़ जाती है। इसके कारण लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ता है। इसलिए इसके लिए प्लान बनाकर कार्य करें। उन्होंने ट्रांसफारमर जलने की सूचना वाटसप नंबर 94311-35682 पर देने की अपील आम जनता से की है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के अभियुक्त को कोर्ट ने दोषी करार दिया

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले के अभियुक्त बलराम महतो दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त पर बुंडू थाना क्षेत्र की रहनेवाली नाबालिग के साथ उसके घर में घुसकर जबरदस्ती करने का आरोप है। एक बार दुष्कर्म करने के बाद युवती को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। घटना को लेकर अभियुक्त के खिलाफ 11 मार्च 2019 को बुंडू महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त ने घटना का अंजाम नौ फरवरी 2019 की सुबह दिया था। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को 12 मार्च 2019 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो साल सात महीने जेल काटने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने नवंबर 2021 में जमानत की सुविधा प्रदान की थी। दोषी पाये जाने के बाद गुरुवार को अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### इसलामी मरकज में शान-ए-हबीब कांफ्रेंस व जश्न-ए-दस्तार बंदी 22 को

**रांची।** झारखंड राज्य के जाने माने मदरसा, इसलामी मरकज हिंदपीढी में आगामी 22 फरवरी बुधवार को रात 9 बजे शिक्षा का भव्य समारोह शान-ए-हबीब कांफ्रेंस व जश्न-ए-दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर उलेमाओं ने बैठक की और इश्तेहार का विमोचन किया। जलसे में बरैली शरीफ खानकाह के पीर-ए- तरीकत व आला हजरत के नवासे हजरत मौलाना मुफ्ती उमर रजा खान, बहराईच खानकाह के पीर-ए-तरीकत खलीफा हुजूर मुफ्ती-ए-आजमे हिंद मौलाना हाजी शैखुल हदीस मुफ्ती मोहम्मद शम्सुद्दीन रजवी नूरी, केंद्रीय एदार-ए-शरीया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पुर्व सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलियावी, मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली, मौलाना डॉक्टर अहकरुल कादरी मुजफ्फरपुर, देश के प्रसिद्ध कवि ताज रजा औरंगाबादी व अन्य उलेमा व कवि भाग ले रहे हैं। एदार-ए-शरीया झारखंड के नाजिम-ए-आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने बताया कि इस कान्फ्रेंस में झारखंड, बिहार, बंगाल, उडीसा, छत्तीसगढ़, यूपी के 32 छात्रों को हाफिज-ए-कुरआन की उपाधि दी जाएगी और उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा, रस्म-ए-दस्तार रखी जाएगी। रिजवी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से भारी तादाद में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर कारी अय्युब रिजवी, मौलाना डॉ. ताजुद्दीन रिजवी, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना मसूद फरीदी शहर काजी, मौलाना फारुक मिस्बाही, मौलाना मुफ्ती शम्स तबरेज अलीमी, मौलाना आबिद रजा, अकीलुर रहमान, शोएब अंसारी, मो फारुक आदि शामिल थे।

### एनआइए ने राज्यों के डीजीपी से इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का किया अनुरोध

**रांची।** इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर की कमी से जूझ रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए) झारखंड पुलिस से इसकी भरपाई करने का अनुरोध किया है। एनआईए ने इसके लिए झारखंड के डीजीपी समेत अन्य राज्यों के डीजीपी को भी पत्र लिखकर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है।

**रांची समेत अन्य ब्रांच में होगी पोस्टिंग**

एनआईए के द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इंस्पेक्टर के 28 पद और सब इंस्पेक्टर के 90 पद पर पोस्टिंग की जायेगी। ये पोस्टिंग एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में की जायेगी। प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले पुलिसकर्मी 27 फरवरी से पहले अपना फॉर्म भरकर जमा कर दें। इसके बाद किसी भी उम्मीदवार को मौका नहीं दिया जायेगा।

### पारस एचइसी हॉस्पिटल में लैप्रोस्कोपिक सर्जरी पर वर्कशॉप



**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल के एमआईएस एवं जनरल सर्जरी विभाग ने गुरुवार को एक दिवसीय एडवांस लैप्रोस्कोपिक सर्जरी पर हैंड्स-ऑन सर्टिफिकेट वर्क शॉप प्रोग्राम शुरू किया है। इसके लिए 5 सर्जन का बैच शामिल किया जाएगा। वर्क शॉप का विषय था-आईपीओएम - इंट्रा पेरिटोनियल ऑनले मेश रिपेयर। इस वर्क शॉप में भागलपुर के डॉ. आशुतोष, बिहटा के डॉ. मनीष, पटना के डॉ. सुनील, रांची के डॉ अजीत एवं डॉ के निथ शामिल थे। साथ ही मरीजों को भी चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर एवं अत्याधुनिक सेवा का लाभ मिलेगा। डॉ दास ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल आने वाले 6 महीनो में जटिल बीमारियों का इलाज रोबोटिक्स सर्जरी के द्वारा आसानी से किया जा सकेगा।

## सैमफोर्ड अस्पताल ने जम्मू बॉर्डर पर तैनात जवान के पिता का किया मुफ्त में इलाज

**रांची।** कोकर चौक स्थित सैमफोर्ड हॉस्पिटल स्वास्थ्य सेवा में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। हॉस्पिटल में मरीजों को सभी तरह की सुविधाएं दी जा रही है। इस बीच हॉस्पिटल ने सेना में तैनात जवान के पिता का इलाज फ्री में किया गया है, जिसका खर्च 2 लाख आता है। बोकारो निवासी आर्मी के जवान के पिता सहदेव यादव को कोरोनरी एंजियो और पेसमेकर फ्री में लगाया गया है। सहदेव यादव का बेटा जम्मू कश्मीर बॉर्डर पर तैनात है। 12 फरवरी को सीने में दर्द और बार-बार बेहोशी की शिकायत के बाद सैमफोर्ड लाया गया। कार्डियक के डॉ दीपक गुप्ता और उनकी टीम ने मरीज को पहले अस्थाई पेसमेकर लगाया। डॉ दीपक कुमार गुप्ता और डॉ आशुतोष कुमार ने मरीज का इलाज किया। डॉ दीपक ने बताया कि मरीज का पूर्व में सीएमसी वेल्लोर से इलाज चल रहा था। सीईओ डॉ धनंजय कुमार ओझा ने बताया कि मरीज का बेटा सेना में सेवारत है और वह गरीब है। यह जानने के बाद मैनेजमेंट की ओर से उनको सम्मान दिया गया है।

## डीजीपी अजय कुमार सिंह का झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन ने किया अभिनंदन



**रांची।** नये पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह का गुरूवार को झारखंड राज्य राइफल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने अभिनंदन किया। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार और कार्यकारिणी समिति के सदस्य रंजन कुमार उर्फ मुकुल ने श्री सिंह को बुके और शॉल देकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। झारखंड में एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मौके पर उन्होंने कहा कि श्री सिंह राज्य में निशानेबाजी के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे हैं। उनके पुलिस महानिदेशक बनने से इस खेल को और यहां के खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा। मौके पर मौजूद झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को भी निशानेबाजी में काफी दिलचस्पी है।

## हुसीर निवासी मनबोध लोहरा के घर लगी आग

**रांची।** 15 फरवरी की रात लगभग 10 बजे कांके प्रखंड के हुसीर गांव निवासी मनबोध लोहरा के घर शोर्ट सर्किट से आग लग गया था। आग की चपेट में आने से मकान समेत मकान में रखे खाद्य सामग्री, कपड़ा, बक्सा, गोदरेज समेत सभी जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। बता दें कि मनबोध लोहरा के दोनों पैर खराब हैं, वह चल नहीं पाते हैं। इसलिए वे सो रहे थे और दो पुत्रियां में एक पुत्री का आने वाले दिन मैट्रिक का परीक्षा है। इसलिए पढ़ाई कर रही थी और तब इन्हें लगा कि घर में आग लग गई है। बाहर निकलने के बाद हो हल्ला की और पड़ोसियों को बुलाई तब तक घर में आग भीषण रूप ले लिया था। उपस्थित लोग आग बुझाने की भरसक कोशिश किया परंतु तब तक घर जलकर पुरी तरह राख हो चुकी थी।

## केले के बागान को रामगढ़ की जनता उजाड़ने नहीं देगी : सुदेश महतो

**रांची।** 2023 के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगडा, लारी, मायल बाजार, चितरपुर, मायल, मारगमरचा, सहित कई पंचायतों का चुनावी दौरा कर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि रामगढ़ विधानसभा में चंद्रप्रकाश के द्वारा इतने लंबे अरसे से जो ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है वह झारखंड के लिए एक अभूतपूर्व कार्य हुआ है। यहां के गरीब गुरबा को हक और अधिकार दिलाने के लिए सुख और दुख में साथ देने के लिए हमेशा आजसू पार्टी कृत संकल्पित है। यहां का सर्वांगीण विकास की सिलसिला को आगे बढ़ाने के लिए आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी का चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की उन्होंने वोटरों से अपील की।

अबकी बार यहां के मतदाताओं का मन पूरी तरह से बदल चुका है तथा विकास के नाम पर वोट डालेगी जोकि आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता के पक्ष में ऐतिहासिक वोट देकर विजय का पताका लहराने का काम करेगी। सुदेश ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में जो झारखंड के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली, खिंचाई आदि मूलभूत सुविधा एवं गरीबों को हक अधिकार दिलाने में जो अपनी पहचान बनाई थी वह पूरी तरह से रामगढ़ के विकास को ठप कर दिया है।

## सीबीएसइ परीक्षा में शामिल होनेवाले बच्चों के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों का नंबर जारी

रांची। सीबीएसई बोर्ड की ओर से 24 एवं 27 फरवरी से बारहवीं एवं दसवीं की मुख्य बोर्ड परीक्षा होने जा रही है। बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे ऐसे बच्चे जिनकी तैयारी में किसी प्रकार की कमी रह गई है, या विषयों में संदेह व शक रह गया हो अथवा परीक्षा की तैयारी को लेकर कोई दिक्कत आ रही हो, प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) विशेषज्ञ शिक्षकों से संपर्क कर सकते हैं। पासवा की ओर से इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जा रहा है। शिक्षक विशेषज्ञों का विषय वार मोबाइल नंबर कक्षा 12 वीं के लिए गणित बीके मिश्रा 8789989353, रसायन विज्ञान पीके मिश्रा 9835196587 भौतिक विज्ञान राकेश वर्मा 9835142382 इंग्लिश समरजीत रेवानी 7294135797 राजनीति शास्त्र मिथलेश कुमार मंडल 7903422685, 997380709 जीव विज्ञान एसबी पांडेय 9934019177 अर्थशास्त्र श्रेया सेन गुप्ता 8051216002,8210806004 कॉमर्स एकाउंट्स वीरेंद्र सिंह 9934506007 इतिहास ज्योति सिन्हा 9905156735 10वीं कक्षा के बच्चों के लिए हेल्पलाइन नंबर गणित एवं विज्ञान रवि भूषण पाठक 9798766023 इंगलिस विद्या रानी 9031283670 गणित किशोर कुमार पाण्डेय 9431575627 संस्कृत सुषमा कुमारी सिन्हा 9835514202 कंम्पयूटर साइंस रोहित कुमार 9708539958 ।

# गीली मिट्टी सदृश बच्चों को सस्नेह थाप से अच्छे प्रारूप में ढाल सकते हैं : फादर अजय खलखो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची शहर के विभिन्न विद्यालयों तथा नॉन फार्मल शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार को संत अलबर्ट कॉलेज परिसर में वार्षिक सम्मेलन बतौर मिलन दिवस के रुप में मनाया गया। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद आज प्रथम बार स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक सम्मेलन मिलन दिवस के रुप में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संत अलबर्ट कॉलेज के रेक्टर फादर अजय कुमार खलखो रहे। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूल के नन्हें छात्र-छात्राओं ने समूह व व्यक्तिगत रुप से नृत्य संगीत की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। समारोह में रांची शहर के कुल 12 केन्द्रों से 350 से अधिक बच्चे-बच्चियां, उनके शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, संत अलबर्ट कॉलेज के स्टाफ तथा प्रशिक्षु ब्रदर्स ने इसमें हिस्सा लिया।

रेव्ह फादर अजय कुमार खलखो ने बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि संत अलबर्ट कॉलेज का विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियों तथा इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से अलग-अलग संस्थाओं और वहां के छात्र-छात्राओं से जुड़ना तथा उनसे मिलकर संवाद करना, सीखना-सिखाना एक महत्वपूर्ण भाग है। मिलन समारोह के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन फादर रेमण्ड तोबियस टोप्पो, फादर अजय कुमार खलखो, ब्रदर मिथुन व अन्य शामिल थे।

# सौदागरों के लिये 'काला हीरा' बना झारखंड का अफीम, यूरोप से लेकर पाकिस्तान तक सप्लाई

कुबेर सिंह



**रांची।** काले हीरे यानी अफीम की खेती एक बार फिर रांची जिले के साथ-साथ झारखंड प्रदेश में धड़ल्ले से की जा रही है। हालांकि शुरूआती दिनों में नशे की खेती के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। पुलिस फूल और फल आने का इंतजार करती है। उसके बाद ही इन पर करवाई करती है। अफीम की खेती जैसे ही शुरू होती है, वहीं से शुरू हो जाता है बाहरी लोगों का क्षेत्र में आना-जाना। इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर अफीम की बुआई हुई है, हाल के दिनों में राजधानी रांची के आसपास के क्षेत्रों में भी अफीम की खेती को पुलिस नष्ट कर रही है, लेकिन फिर भी अफीम की खेती और तस्करी पर कोई असर नहीं हो रहा है। झारखंड के 17 जिलों में अफीम की खेती की जा रही है।

झारखंड के सुदूर और भौगोलिक दृष्टिकोण से दुर्गम इलाकों में नशे की खेती एक बार फिर जोर शोर से शुरू हुई है। इसे लेकर जमीन को तैयार किया किया गया है तो फसल की बुआई भी की जा चुकी है। अफीम की खेती ज्यादातर पानी वाले जगहों पर किया जाता है। खास तौर से उन इलाकों में अफीम की खेती की जाती है जहां पानी की मुकम्मल व्यवस्था हो। इस बार भी रांची, चतरा, खूंटी इलाके में भी जोरदार तरीके से की जा रही है।

**नक्सलियों का आर्थिक तंत्र बना अफीम :** नशे की खेती में नक्सलियों का भी बड़ा हाथ होता हैं क्योंकि अफीम की खेती से उनका आर्थिक तंत्र मजबूत होता है तो वहीं राज्य के बाहर के नशे के माफियाओं का भी बड़ा हाथ इस खेल में होता है। अफीम की खेती ज्यादातर फॉरेस्ट जमीन पर होती है ताकि अगर कोई कार्रवाई भी हो तो कोई न फंसे। जैसे ही पौधे तैयार होने लगते हैं, बाहरी माफियाओं की चहलकदमी इलाके में बढ़ जाती है। हालांकि पुलिस की नजर इस पर जरूर है। अफीम के पौधे शुरूआती दिनों में आलू के पौधे की तरह नजर आते हैं, जिस कारण कानूनी पेचीदगी के कारण पुलिस शुरूआत में ही नशे की खेती पर नकेल नही कस पाती।

**अफीम का है इंटरनेशनल कनेक्शन :** झारखंड की अफीम के इंटरनेशनल कनेक्शन की भी बात सामने आई है। झारखंड में उगाई जा रही अफीम देश के दूसरे हिस्सों के अलावे विदेशों तक पहुंचाई जा रही है।

**11 करोड़ की अफीम झारखंड से हुआ था निर्यात :** पिछले साल उत्तर प्रदेश के शाजहापुर में 11 करोड़ की अफीम की खेप पुलिस ने जब्त किया था। झारखंड में काले हीरे के रूप में कोयले को जाना जाता था लेकिन अब इसकी जगह अफीम ने ले ली है और अफीम की खेती धड़ल्ले से की जा रही है। पंजाब के इलाके में झारखंड की अफीम सबसे ज्यादा जाती है जिसके बाद उस अफीम को हेरोइन बनाने के लिए पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भेजा जाता है, जहां से हेरोइन को यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में भेज जाता हैं वही कुछ हिस्सा बर्मा में भी भेजा जाता है।

**झारखंड में पांच हजार एकड़ की खेती हुई है नष्ट :** पूरे मामले में झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल विनुकांत होमकार का कहना है कि झारखंड में अफीम की खेती पर काफी हद तक नकेल कसी गई है। यही वजह है कि 2021- 22 में करीब पांच हजार एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। झारखण्ड पुलिस प्रवक्ता अमोल विणुकान्त होमकर ने बताया कि झारखण्ड पुलिस को इसमे सफलता भी मिली है और 2021-22 में 500 अफीम तस्करों को भी पकड़ा गया है।

### अफीम के साथ झारखंड का युवक पंजाब में गिरफ्तार

रांची। पंजाब की जालंधर पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने कार्रवाई करते हुए आठ किलो अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक की पहचान झारखंड के चतरा जिले के गदेर गांव निवासी रामचरण के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से आठ किलो अफीम बरामद किया है। युवक अफीम कारोबार में कुरियर मैन का काम करता है। वह चतरा जिले से अफीम की खेप लेकर जालंधर पहुंचा था, लेकिन पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली थी कि झारखंड से नशे की खेप लेकर एक युवक आ रहा है, जिसके बाद पुलिस ने गुरुनानक पुरा के पास रेलवे कॉलोनी के टी पॉइंट पर नाकाबंदी कर दी। जैसे ही युवक वहां पर पहुंचा, पुलिस ने उसे दबोच लिया। इससे पूर्व झारखंड के ही एक युवक को मकसूदां में भगत सिंह कॉलोनी के पास वाई पॉइंट पर पौने तीन किलो अफीम के साथ पकड़ा गया था। यह युवक पहले जालंधर में मजदूरी करता था, लेकिन वह झारखंड के तस्करों के संपर्क में आ गया और अफीम की सप्लाई जालंधर लाने लगा था।

